दुर्बल वर्गों के लिए वर्ष 1976-77 का योजना कार्यक्रम क्रियान्वित करने हेतु मध्य प्रदेश को सहायता

3823. श्री गंगा चरण दीक्षित : क्या योजना मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश में दुर्बल वर्गों के लिए वर्ष 1976-77 का योजना कार्यक्रम क्रियान्वित करने हेतु विशेष केन्द्रीय वित्तीय सहायता देने का विचार है ; और

(ख) यदि हां, तो कितनी धनराशि मंजूर की जाने की संभावना है ?

योजना मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शंकर घोष): (क) और (ख). मध्य प्रदेश की जनजाति क्षेत्र उप-योजना के लिए 1976-77 में 10.11 करोड़ रुपए की विशेष केन्द्रीय सहायता अस्थाई रूप से अनुमोदित की गई है। इस सहायता की अदायगी समेकित जनजाति क्षेत्र विकास परियोजना को तैयार करने तथा उसको कार्यान्वित करने पर निर्भर करेगी।

इसके अलावा, सूखा-प्रवृत्त क्षेत्र कार्यक्रम और जन-जाति क्षेत्र विकास अभिकरण परियोजनाओं के माध्यम से कमजोर वर्गों के लिए भी सहायता उपलब्ध होगी, जिसके लिए केन्द्रीय योजना में क्रमशः 2.20 करोड़ रुपए और 50 लाख रुपए की राशि उपलब्ध होने की सम्भावना है।

मध्य प्रदेश में आकाशवाणी केन्द्रों में स्थायी कलाकार

3824. श्री गंगा चरण दीक्षित : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या इन्दौर, भोपाल, ग्वालियर तथा रायपुर आकाशवाणी केन्द्रों पर स्थायी कलाकारों के नाम दर्ज किये गये हैं ;

(ख) क्या आकाशवाणी कार्यक्रमों के लिए विभिन्न श्रेणियों के कलाकार आमंत्रित करने के बारे में सरकार को शिकायतें प्राप्त हुई हैं ; और

(ग) यदि हां, तो उन पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : आकाशवाणी में दो प्रकार के कलाकार हैं : (1) विभागीय कलाकार जो आकाशवाणी के कर्मचारी हैं और उन्हें लम्बी अवधि के ठेके दिये जाते हैं, और (2) नैमित्तिक कलाकार, नाटक और संगीत कलाकारों के मामले में स्वर परीक्षण समितियों द्वारा प्रसारण कार्यक्रमों के लिए स्वीकृत, जो कार्यक्रमों की जरूरतों के अनुसार जब भी आवश्यक हो रखे जाते हैं। इस प्रकार के सभी कलाकारों की नियमित सूचियां रखी जाती हैं।

(ख) जी, हां।

(ग) प्रत्येक शिकायत की सावधानीपूर्वक जांच की जाती है और उपयुक्त कार्यवाही की जाती है।

मध्य प्रदेश में मुहानों पर कोयले का जमा होना

3825. श्री गंगा चरण दीक्षित : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) मध्य प्रदेश में खानों के मुहानों पर वर्ष 1975 के आरम्भ के महीनों में कितना कोयला जमा हो गया था ;

(ख) क्या जमा हुए कोयले की यह मात्रा सामान्य थी अथवा अधिक ; और

(ग) यदि यह अधिक थी तो इसके क्या कारण थे ?

ऊर्जा मंत्रालय में उपमंत्री (प्रो० सिद्धेश्वर प्रसाद): (क) और (ख). 1975 के शुरु के महीनों में मध्य प्रदेश की खानों के खान मुहानों पर जमा कोयले की औसत मात्रा एक महीने के औसत उत्पादन से कम थी, जिसे सामान्य समझा जाता है ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र द्वारा विकसित नसबन्दी एकक (वसेक्टोमी यूनिट)

3826. **डा० लक्ष्मी नारायण पांडेय :** क्या परमाणु ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र ने एक ऐसे नसबन्दी एकक का विकास किया है जो ग्रामीण क्षेत्रों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है ;

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी मुख्य बातें क्या हैं; और

(ग) इस से प्रत्येक नसबन्दी मामले पर कितना खर्चा आता है ?

प्रधान मंत्री, योजना मंत्री, परमाणु ऊर्जा मंत्री, इलेक्ट्रानिक्स मंत्री तथा अंतरिक्ष मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) : (क) जी, हां ।

(ख) परिवार नियोजन कार्यक्रम के प्राधिकारियों के परामर्श से तैयार किये गये नसबन्दी किट में नसबन्दी करने के लिए अनिवार्य ट्रेप, सर्जिकल ड्रेसिंग, अधस्त्वक् सुई एवं सिरिंज, ब्लेड, सीवनी आदि जैसी महत्वपूर्ण सामग्री होती है । किट में रखा गया सामान पालीथीन थैलियों में सीलबन्द होता है तथा किट को पक करने से पहले गामा विकिरण द्वारा विसंक्रमित किया जाता है ।

(ग) नसबन्दी किट का मूल्य 5 रुपए है । इसके अतिरिक्त, नसबन्दी के केस पर होने वाले खर्च में आपरेशन करने से पहले रोगी को दी जाने वाली दवाइयों की लागत भी शामिल होती है ।

राष्ट्रमंडल प्रसारण संघ के दल का टेलीविजन की प्रगति का अध्ययन करने के लिए दौरा

3827. **डा० लक्ष्मी नारायण पांडेय :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत में टेलीविजन की प्रगति तथा इसके माध्यम से जनशिक्षा के प्रसार की संभावनाओं का अध्ययन करने की दृष्टि से राष्ट्रमंडल प्रसारण संघ का एक दल अप्रैल, 1976 में दिल्ली आया था और यदि हां, तो इस दल ने और किन बातों पर विचार विमर्श किया;

(ख) देश में इस समय कितने राज्यों में जन शिक्षा अथवा अन्य विकास गतिविधियां उपग्रह-कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रसारित की जा रही हैं; और

(ग) इससे कितने गांवों को लाभ मिल रहा है और क्या कुछ और गांव अथवा गांव समूह इस कार्यक्रम के अन्तर्गत लिए जा रहे हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) जी, हां । 12 राष्ट्रमंडल देशों के 19 प्रतिनिधियों का एक दल केवल उपग्रह शैक्षिक दूरदर्शन